

# पांढुरना जिले में शुक्रवार को नहीं गुरुवार को लगेगा जन-विश्वास शिविर, तीन दिन छुट्टियां मनाएंगे अधिकारी

**नवभारत न्यूज, पांढुरना, 2 सितंबर,** प्रदेश सरकार के मुखिया की अति महत्वाकांक्षी जन-विश्वास अभियान का शिविर मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव के मंशानुरूप पांढुरना जिले में इस बार शुक्रवार को नहीं बल्कि एक दिन पहले गुरुवार को ही लगाकर इस अभियान की औपचारिकता पूरी कर लेंगे, जिसके विधिवत विभागीय आदेश भी जारी किए गए, जिससे अब जिले के अधिकारी कर्मचारी शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी तथा शनिवार एवं रविवार को शासकीय अवकाश के चलते इस प्रकार कुल तीन दिन की छुट्टी का लाभ उठा सकेंगे। उल्लेखनीय हो कि प्रदेश की जनता को ही सर्वोपरि मानकर उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाकर परेशान ना होना पड़े इसलिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ही प्रति शुक्रवार अपने-अपने कार्यालयों के वातानुकूलित कक्ष से निकलकर जनता के बीच में जाकर उनसे संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण कराने मुख्यमंत्री डां.मोहन यादव द्वारा जन-विश्वास अभियान का शुरूवात की है, सरकार ने मुख्यमंत्री की इस अति महत्वाकांक्षी योजना में किसी भी तरह की कौताही नहीं बरतने की सभी को हिदायत भी दी है, वहीं इस अभियान का शुभारंभ करने छिंदवाडा पहुंचे मुख्यमंत्री के संज्ञान में हितग्राहियों को शासन की योजना के लाभ से वंचित रखने की बात संज्ञान में आते इन्होंने ऑंन द स्पांट जिला चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार, पटवारी, आदि को निलंबित कर दिया है।



### छिंदवाड़ा की कार्यवाही का पूरे प्रदेश में दिखा असर

मुख्यमंत्री द्वारा छिंदवाड़ा में की गई कार्यवाही को देख पूरे प्रदेश के सरकारी मशीनरी समझ चुकी है कि सरकार मुख्यमंत्री के इस महत्वाकांक्षी जन-विश्वास अभियान में कोई भी कोताही स्वीकार नहीं करेंगी, इसलिए तो पिछले माह अगस्त के अंतिम शुक्रवार को रक्षाबंधन की छुट्टी आने पर अधिकारियों ने दूसरे दिन शनिवार को भी शासकीय अवकाश होने के बावजूद अपनी कलाई पर राखी बांधने घर नहीं जाकर अपने-अपने जिले, तहसील, ब्लाक के गावों में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर संवाद कर उनकी समस्याएं सून त्वरित निराकरण भी किया।

### अब एक दिन बाद नही, एक दिन पहले ही निभाई जाएंगी औपचारिकता

चाहे लोगों की समस्याओं का समाधान हो या ना हो, लेकिन शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों को बिना गैर हाजरी के पूरे माह का वेतन मिलने के साथ ही अधिक से अधिक छुट्टियों का भी लाभ मिल जाए, इसके लिए विभागीय अधिकारी सरकारी नियम या मुखिया के आदेश को भी तोड़ मरोड़ कर कोई ना कोई रास्ता निकाल ही लेते है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के अति महत्वाकांक्षी जन-विश्वास अभियान में भी दिखाई दे रहा है, अधिकारियों ने बड़ी ही चालाकी से अधिकारी, कर्मचारियों को तीन दिन की छुट्टी का लाभ मिल सके इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा जन-विश्वास शिविर शुक्रवार को लगाए जाने के फरमान के विपरीत एक दिन पहले गुरुवार 3 सितंबर को ही शिविर लगाकर इस अभियान की खानापूर्ति कर लेंगे, जिससे सभी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी तथा शनिवार, रविवार को शासकीय अवकाश इस प्रकार कुल तीन दिन की छुट्टी का लाभ उठा सकेंगे।

### पांढुरना, सौसर के ग्रामों में गुरुवार को लगेगा शिविर

विभागीय सूत्रों की माने तो प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के इस महत्वाकांक्षी जन-विश्वास अभियान को शुक्रवार को कराए जाने के मंशा के विपरीत पांढुरना जिले में गुरुवार 3 सितंबर को करने के विधिवत आदेश जारी किए गए है, जिसके तहत 3 सितंबर को पांढुरना विकासखंड के ग्राम घोघरी एवं गोविंदपुर ग्राम तथा सौसर विकासखंड के ग्राम खुटाम्बा, नौथल ग्राम पांगडी, सितापार एवं सूर्याबुर्या ग्राम में विभागीय अधिकारियों को पहुंच ग्रामीणों से संवाद करते हुए त्वरित निराकरण करने के आदेश जारी किए गए है।

## वार्ड 14-15 के रहवासियों की वर्षों पुरानी सड़क की मांग पूरी, विवाद समाप्त

**नवभारत न्यूज़ पिपला नारा 2 सितंबर.** नगर के वार्ड 14 एवं 15 के रहवासियों के लिए वर्षों पुरानी सड़क की मांग अब पूरी होने जा रही है। भूमि संबंधी अड़चन के प्रशासनिक स्तर पर निराकरण के बाद वार्डवासियों में खुशी की लहर है।

जानकारी के अनुसार वार्ड 14 एवं 15 के रहवासियों द्वारा कई वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। नगर परिषद द्वारा प्रस्ताव भी पारित किया गया था, लेकिन निर्माण स्थल की भूमि निजी स्वामित्व की होने के कारण मामला अटका था। नगर परिषद द्वारा निर्माण का प्रयास करने पर भूमि स्वामियों की आपत्ति के चलते कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा था।

समस्या से परेशान वार्डवासियों ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के समक्ष आवेदन किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सिद्धार्थ पटेल ने स्थल निरीक्षण किया और दोनों पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर दिया। प्रशासन की पहल पर जनहित को ध्यान में रखते हुए समझाइश दी गई। इसके बाद भूमि स्वामी ने मानवीय आधार पर भूमि आमजन के आवागमन हेतु देने की सहमति दी और नगर परिषद को रजिस्टर्ड दानपत्र सौंपकर सड़क निर्माण की अनुमति दी।

भूमि संबंधी अड़चन दूर होने से अब सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। वर्षों पुरानी समस्या के हल होने पर वार्डवासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं भूमि स्वामियों का आभार व्यक्त किया।

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद रामाकोना पंचायत सरपंच पद पर ज्योति खंडाईत की वापसी

**नवभारत न्यूज़ सौंसर 2 सितंबर.** ग्राम पंचायत रामाकोना में सरपंच पद के प्रभार को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर गरमा गया है। प्रशासनिक आदेश और न्यायालयीन हस्तक्षेप के बीच जनपद पंचायत सौंसर के सीईओ द्वारा जारी पत्र ने मामले को नया मोड़ दे दिया है।दरअसल, पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सौंसर के आदेश के बाद पूर्व सरपंच श्वेता गोहेल की वापसी हुई थी। वापसी के बाद उन्होंने पंचायत की जिम्मेदारी संभाली और 15 अगस्त को विधिवत ध्वजारोहण भी किया था।

लेकिन 31 अगस्त को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिव को जारी पत्र में उच्च न्यायालय जबलपुर की रिट याचिका का हवाला देते हुए आदेश जारी किया गया। पत्र के अनुसार हाईकोर्ट के आदेश से एसडीएम द्वारा 31 जुलाई को जारी आदेश को स्थगित किया गया है। इसके चलते अब स्थानापन्न सरपंच ज्योति खंडाईत ही प्रभावी सरपंच के तौर पर कार्य करेंगी। सीईओ ने सचिव को हाईकोर्ट के आदेश एवं एसडीएम के पत्र के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम के आदेश के बाद श्वेता गोहेल की वापसी और अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद ज्योति खंडाईत की बहाली के निर्देशों ने पूरे मामले को फिर से सुर्खियों में ला दिया है। अब सभी की निगाहें प्रशासनिक स्तर पर होने वाली आगामी कार्यवाही पर टिकी हैं।

## ग्राम छत्रापुर में भाजपा को झटका, कई कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 2 सितंबर.** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुल नाथ और सौंसर विधायक विजय चौरे के विकास कार्यों तथा कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर ग्राम छत्रापुर के कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। सौंसर स्थित विधायक निवास पर विधायक विजय चौरे एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर एवं पुष्पमाला से उनका आत्मीय स्वागत कर कांग्रेस परिवार में शामिल किया।ग्राम छत्रापुर से चंद्रशेखर हिंगवे, संतोष ढोबाले, संजय देहारे, आंबादास देशमुख, शिवा बोदरे, राज टेकाम आदि ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली।इस अवसर पर डॉ. राजेश सोमकुवर, सुनील भांगे, देवेंद्र केदार, सुरेश नखाते, अलकेश बागड़े, जुबेर अली, अमित सिरसाम आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश से लापता हुई महिला को बड़चिचोली पुलिस ने सुरक्षित पकड़ उसके पति को सौंपा

**नवभारत न्यूज, पांढुरना, 2 सितंबर,** उत्तर प्रदेश से लापता हुई महिला को 11 दिनों बाद मध्य प्रदेश के अंतिम पांढुरना जिले के ग्राम अंजनगांव में बड़चिचोली पुलिस द्वारा ग्रामीणों की मदद से पकड़ इसके परिजनों को सूचना देकर बुलाते हुए सुरक्षित सौंप दिया।





बड़चिचोली पुलिस चौकी प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय द्वारा बताया कि बीते दिवस प्रदेश की अंतिम तथा महाराष्ट्र सीमा से लगे हुए ग्राम आजनगांव के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि 50 से 55 वर्ष की महिला गांव के आसपास घूम रहीं है, सूचना मिलते ही तुरंत चौकी प्रभारी अधीनस्थ पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के साथ एक महिला आरक्षक को साथ लेकर घटना स्थल पहुंचे, उन्होंने उक्त महिला से पूछताछ करने के बाद उसे बड़चिचोली पुलिस चौकी लाकर की गई पूछताछ में महिला ने अपना नाम फिरोजा पति बिलाल अहमद निवासी अफगान मोहल्ला अमरोहा पुलिस चौकी जट बाजार थाना कोतवाली अमरोहा, जिला अमरोहा उत्तर प्रदेश बताया।

इस महिला को इस तरह ग्राम के आसपास घूमता देख घटना की गंभीरता तथा मानवीय संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए काफी मशक्कत के बाद उत्तर प्रदेश के अमरोहा कोतवाली पुलिस थाने का फोन नंबर पता लगाते हुए वहां के पुलिस अधिकारियों से बड़चिचोली पुलिस चौकी प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय द्वारा बातचीत करने पर पता चला कि इस महिला की लापता होने की इनके परिजनों द्वारा उत्तर प्रदेश के इसी पुलिस थाने में 20 अगस्त 2026 को लापता होने की सूचना दर्ज कराई है।

वहां के पुलिस अधिकारी द्वारा महिला के पति का मोबाइल नंबर देने के बाद बडचिचोली चौकी प्रभारी श्री मालवीय द्वारा महिला के पति बिलाल अहमद से चर्चा करते हुए उसे बड़चिचोली पुलिस चौकी बुलाते हुए मंगलवार को जब इस महिला का पति बिलाल अहमद यहा पहुंचा तो पुलिस द्वारा आवश्यक पहचान एवं तस्दीक की सभी कार्यवाही पूर्ण करने के बाद विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर इस महिला को इसके पति बिलाल अहमद के सुपुर्द किया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में बड़चिचोली पुलिस चौकी प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय, सहायक उप निरीक्षक प्रमोद डोंगरे, आरक्षक पंकज शर्मा, अशोक धुर्वे, महिला आरक्षक सुश्री भारती की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं। वहीं बड़चिचोली पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता एवं अंतरराज्यीय पुलिस समन्वय के परिणामस्वरूप गुमशुदा महिला को सकुशल उसके परिवारजनों से मिलाया जा सका, पुलिस की इस मानवीय एवं सराहनीय पहल की सर्वेत्र मुक्त कंठ से सराहना कि जा रहीं है।

## पांढुर्णा जिले को मिली विकास की दो बड़ी सौगातें

**नवभारत न्यूज़ सौंसर 2 सितंबर.** नवगठित पांढुर्णा जिले के विकास को गति देने के लिए प्रदेश सरकार ने दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। मंत्रिपरिषद ने सामाजिक न्याय विभाग के कार्यालय के लिए 15 पद एवं चतुर्थ श्रेणी के 2 पद तथा जिला आयुष अधिकारी कार्यालय के लिए 20 पदों के सृजन को स्वीकृति दी है। भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रभारी मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग का कार्यालय बनने से दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज के वंचित वर्गों की योजनाओं का क्रियान्वयन स्थानीय स्तर पर ही हो सकेगा, जिससे नागरिकों को अन्य जिलों पर निर्भर नहीं रहना



पड़ेगा। वहीं जिला आयुष अधिकारी कार्यालय के लिए 20 पदों की स्वीकृति से आयुर्वेद, योग एवं अन्य आयुष पद्धतियों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को मजबूती मिलेगी। इसका सीधा लाभ ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों को मिलेगा।जिला अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पांढुर्णा जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं।

**बैठक** कलेक्टर द्वारा अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

## गोटमार मेले को शांति पूर्वक सपंन्न कराने प्रशासन अलर्ट

**नवभारत न्यूज पांढुरना, 2 सितंबर ,** आगामी 11 सितंबर को पांढुरना नगर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध गोटमार मेले के आयोजन को लेकर कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आज बुधवार को जिला कलेक्टर नीरज वशिष्ठ द्वारा विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर इस मेले को शांति पूर्वक कराने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।





इस बैठक में कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, चिकित्सा, यातायात, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मेला क्षेत्र में निगरानी व्यवस्था मजबूत करने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा सीसीटीवी एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखने पर जोर दिया गया। भीड़ नियंत्रण, प्रवेश एवं निकासी मार्ग तथा पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान पर्याप्त चिकित्सकीय दल, प्राथमिक उपचार केंद्र एवं एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अस्पतालों में आवश्यक तैयारियां रखने के निर्देश दिए गए। आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के लिए कहा गया।

इसके साथ ही फायर ब्रिगेड, पानी के टैंकर, पेयजल, विद्युत, प्रकाश एवं स्वच्छता व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को मेला क्षेत्र में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा व्यवस्थाओं का पूर्व परीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

यातायात व्यवस्था को लेकर बस स्टैंड एवं मेला क्षेत्र में संभावित दबाव को देखते हुए आवश्यक प्रबंध करने, पार्किंग स्थलों को व्यवस्थित करने तथा यातायात सुचारू बनाए रखने पर चर्चा हुई। प्रशासन द्वारा मेले से जुड़ी सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने और व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वार्ड 14 में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया हरछठ पर्व



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 2 सितंबर .** शहर के वार्ड क्रमांक 14 में श्याम ठाकुर के निवास पर बुधवार को हरछठ (हलषष्ठी) का पावन पर्व धार्मिक आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा संतान की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मंगलकामना की। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी को मनाया जाने वाला यह पर्व भगवान बलराम जी को समर्पित माना जाता है। भगवान बलराम का प्रमुख आयुध हल होने के कारण इसे हलषष्ठी कहा जाता है। यह पर्व मातृत्व, संतान के प्रति स्नेह तथा प्रकृति और कृषि के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक माना जाता है। पूजा के दौरान कथा श्रवण, मंगलगीत और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान मंदा दीक्षित, नलु बाई ठाकरे, रानु ठाकुर, रितु दीक्षित, शीतल ठाकरे, आशा गड़ेकर, निकिशा शर्मा, चंचल श्रीखंडे, सीमा राजपूत, शोभा ठाकुर, माया कांडलकर, अनिता दीक्षित सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## संत रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर कलश वंदन एवं समरसता संकल्प यात्रा का सौंसर विधानसभा में भव्य स्वागत



**नवभारत न्यूज़, सौंसर 2 सितंबर .** पांढुर्णा जिले से संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के शुभ अवसर पर निकाली जा रही कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान यात्रा ने आज सौंसर विधानसभा में प्रवेश किया। सौंसर विधानसभा में प्रवेश करते ही जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, जिला अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष खेमराज सोनेकर, यात्रा में सहयोगी राजेंद्र भक्ते, मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, यात्रा प्रभारी परसराम राने, आशीष चांडक, नरेंद्र कुकडे, संजय बागडे, सूर्यभान चिकटे ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा का विट्ठल मंदिर सिविल लाइन, हनुमान मंदिर, बाबासाहेब अंबेडकर चौक, छत्रपति चौक, नगर पालिका सौंसर, बाजार चौक एवं शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-पाठ किया गया। इसके पश्चात यात्रा बेरडी एवं रामपेठ में पहुंची, जहां ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर राजेंद्र भक्ते द्वारा संत रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। यात्रा में मोरेश्वर मर्सकोले सहित श्रद्धालुओं एवं अनुयायियों ने जगह-जगह संत रविदास जी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।यह यात्रा सौंसर विधानसभा क्षेत्र में 10 सितंबर तक लगातार चलेगी।

## जिला अशासकीय शाला संघ, पांढुर्णा के अध्यक्ष बने चित्रसेन रबड़े



**नवभारत न्यूज़, सौंसर 2 सितंबर .** अशासकीय स्कूलों को एकजुट एवं संगठित करने के उद्देश्य से अशासकीय शाला संघ, पांढुर्णा की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सौंसर के चित्रसेन रबड़े को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम छिंदवाड़ा अशासकीय शाला संघ के जिला अध्यक्ष आंतनु दासगुप्ता की अध्यक्षता एवं जिला सचिव मनीष तिवारी की उपस्थिति में आयोजित हुआ।बैठक में संगठन की आवश्यकता, स्कूलों से जुड़े विषयों, आपसी सहयोग एवं भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।नवगठित कार्यकारिणी में अनिल खांबोलकर को सभापति, अनिल वानोडे एवं ज्योति चौकसे को उपाध्यक्ष, शाहिद शेख को सचिव, रवि कोठेकर को सहसचिव तथा निलेश ठाकरे को कोषाध्यक्ष बनाया गया।इसके अलावा अशोक डोंगरे एवं माया राऊत को सदस्य, हर्षल काले एवं अमोल नंदेवार को मीडिया प्रभारी, हेमराज साहू को विधिक सलाहकार तथा निलेश खापरे को संगठन प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।


## // कार्यालय सेनानी 8वीं वाहिनी विसबल छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश //

Email :- co8bn_saf@mppolice.gov.in

क्रमांक - 8वीं बटा./विसबल /सा.अ./ P-708-B/2026, छिंदवाड़ा दिनांक 31/8/2026

**-: ई निविदा आमंत्रण सूचना:-**

**8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा** में वित्तीय वर्ष 2026-27 में लेखाशीर्ष मांग संख्या 003-2055 पुलिस 00-104-9999-4492-V-32-000 लघुनिर्माण कार्य मद के अतंर्गत प्राप्त आवंटन राशि से '' पीटीएस में बारबर रूम का निर्माण कार्य '' ई-टेण्डर खुली निविदा के माध्यम से कराया जाना है। कार्य म.प्र.भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) की कण्डिकाओं में निहित खुली निविदा समय सारणी अनुसार किया जाना है। जिस हेतु निविदाएँ WWW.MPTENDERS.GOV.IN पर आमंत्रित की गई है। जिसकी जानकारी WWW.MPPOLICE.GOV.IN पर भी देखी जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता कराये जाने वाला निर्माण कार्य इकाई में आकर देख सकते है। प्राप्त निविदॉए, इकाई में गठित समिति द्वारा दिनांक 23.09.2026 को 11:00 बजे खोली जावेंगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन अनुसार अनुमानित राशि (समस्त कर सहित) | निविदा शुल्क | धरोहर राशि ईएमडी | सम्पूर्ण कार्य की अवधि | निर्माण एजेंसी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | पीटीएस में बारबर रूम का निर्माण कार्य। | 9,90,000.00 | 2,000.00 | 29,700.00 | 60 दिवस | इकाई द्वारा |

समय सारणी:-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 01.09.2026 के 11:00 बजे |
| 02 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 01.09.2026 के 11:00 बजे से |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 21.09.2026 के 18:00 बजे तक |
| 04 | निविदा खोलने की दिनांक एवं स्थान | 23.09.2026 को 11:00 बजे<br>कार्यालय 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा (म.प्र.) |

1. इच्छुक निविदाकर्ता वेबसाईट WWW.MPTENDERS.GOV.IN से निविदा करेंगे।
2. इकाई/ मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अद्योसंरचना विकास निगम जबलपुर द्वारा तैयार किये गये स्टीमेट एवं स्ट्रक्चर प्लान अनुसार कार्य कराया जाना है। जिस हेतु तालिका क्रमांक 03 में अनुमानित प्राक्कलन राशि से अधिक दर पर निविदा स्वीकार नही की जावेंगी।
3. निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग / म.प्र. पु. हा. का. के पंजीकृत ठेकेदारो से ही कराया जाना है।
4. निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व कार्य स्थल एवं प्राकलन/ स्टीमेट का निरीक्षण कर निविदा प्रस्तुत करें ताकि कार्य का सही आकलन किया जाकर निविदा प्रस्तुत की जा सकें। जिसकी जानकारी क्वार्टर मास्टर 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है।
5. निविदा की विस्तृत जानकारी म.प्र.पुलिस की बेवसाईट WWW.MPPOLICE.GOV.IN पर देखी जा सकती है। एवं निविदाएँ WWW.MPTENDERS.GOV.IN पर दिनांक 01.09.2026 से दिनांक 21.09.2026 तक आमंत्रित की गई है। जिसे दिनांक 23.09.2025 को समय 11:00 बजे खोला जावेंगा।

सेनानी
8वीं वाहिनी विसबल
छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

G18069/26